Disability Inclusion
Education for All

Hindi | **हिन्दी**

विकलांगता समावेशन के बारे में सूचना पत्र

विकलांगता समावेशन - परिवारों के लिए तथ्य पत्रक

विकलांगता समावेशन विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों के लिए समर्थन में सुधार करने और हमारे सभी विद्यार्थियों के लिए अधिक समावेशी स्कूल बनाने में हमारी सहायता के लिए एक नया दृष्टिकोण है।

समावेशी स्कूलों में सभी विद्यार्थियों के लिए सीखने, संलग्नता और सकुशलता के बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं।

विकलांगता समावेशन इन बातों के माध्यम से स्कूलों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा कि हमारे विद्यार्थियों को सीखने में समर्थन के लिए क्या आवश्यक होता है:

- अधिक निवेश के साथ एक नया निधीकरण मॉडल
- विद्यार्थी की आवश्यकताओं और इसके लिए ज़रूरी समायोजन की पहचान करने में सहायता के लिए विकलांगता समावेशन प्रोफाइल नाम की एक नई प्रबलता-आधारित प्रक्रिया
- विद्यार्थियों के सीखने को समर्थित करने के सर्वोत्तम तरीकों के बारे में शिक्षकों और स्कूल के कर्मचारियों के लिए अधिक प्रशिक्षण और कोचिंग।

अधिक निवेश के साथ एक नया निधीकरण मॉडल

नया निधीकरण मॉडल अतिरिक्त निवेश प्रदान करता है और स्कूल इसका उपयोग विद्यार्थियों को समर्थन देने में कर सकते हैं, जिनमें ऑटिज़्म, सीखने में आने वाली कठिनाइयों तथा और भी अन्य समस्याओं से ग्रस्त विद्यार्थी शामिल हैं।

यह अतिरिक्त निवेश विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों को अधिक समर्थन प्रदान करेगा, जिनमें वे विद्यार्थी भी शामिल हैं जो विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थी कार्यक्रम (पीएसडी) [Program for Students with Disabilities (PSD)] के माध्यम से व्यक्तिगत निधीकरण के लिए पहले पात्र नहीं थे।

इस निधीकरण का उपयोग स्कूल कई गतिविधियों के लिए कर सकते हैं, जिनमें शामिल हैं:

- शिक्षकों और स्कूल के कर्मचारियों के लिए और अधिक प्रशिक्षण व पेशेवर विकास
- विकलांगता के बारे में विशेषज्ञ सलाह प्राप्त होना
- विद्यार्थियों के लिए परिवर्तन की योजना बनाने और उसे वितरित करने में सहायता के लिए शिक्षकों या अन्य कर्मचारियों को नियुक्त करना
- सीखने में समर्थन के लिए उपकरण और संसाधन।

विकलांगता समावेशन प्रोफाइल (Disability Inclusion Profile)

विकलांगता समावेशन प्रोफाइल (Disability Inclusion Profile) स्कूलों को आपके बच्चे/आपकी बच्ची की प्रबलताओं और आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानने में सहायता देगी। यह व्यक्तिगत निधीकरण आवंटनों को सूचित करेगी और विद्यार्थी के सीखने के लिए योजना बनाने तथा ऐसे किसी भी परिवर्तन को सूचित करने में सहायता देगी, जिसकी आवश्यकता विद्यार्थी को बेहतर ढंग से सीखने में हो सकती है।

THE EDUCATION STATE
VICTORIA State Government | Education and Training

यह नई विकलांगता समावेशन प्रोफाइल (Disability Inclusion Profile) प्रक्रिया वर्तमान पीएसडी (PSD) के हिस्से के रूप में उपयोग की जाने वाली शैक्षिक आवश्यकता प्रश्नावली (Educational Needs Questionnaire) की जगह पर होगी।

जैसे-जैसे स्कूल नवीन दृष्टिकोण में पारगमन करेंगे, पीएसडी (Disability Inclusion Profile) में शामिल विद्यार्थियों के परिवारों को विकलांगता समावेशन प्रोफाइल (Disability Inclusion Profile) को पूरा करने के प्रयोजन से एक मुलाकात में भाग लेने के लिए कहा जाएगा।

आपके बच्चे/आपकी बच्ची से परिचित लोग और उनके साथ में एक स्वतंत्र, प्रशिक्षित सुविधाप्रदाता इस मुलाकात में शामिल होंगे, जो प्रोफाइल को पूरा करने में स्कूलों और परिवारों की सहायता करेंगे।

यदि आपका बच्चा/आपकी बच्ची पीएसडी (PSD) का हिस्सा है, तो आपका स्कूल उनकी प्रोफाइल को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त समय खोजने के लिए आपके साथ काम करेगा।

प्रोफाइल उच्च आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों के एक व्यापक समूह के लिए भी उपलब्ध होगी।

पारगमन निधीकरण

विक्टोरिया सरकार विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थी (पीएसडी) कार्यक्रम [Program for Students with Disabilities (PSD)] से नए दृष्टिकोण में बच्चे/बच्ची के पारगमन करते समय परिवारों को अधिक सुनिश्चितता प्रदान करने में सहायता के लिए विकलांगता समावेशन पारगमन निधीकरण (Disability Inclusion Transition Funding) को 2024 तक प्रदान कर रही है।

विकलांगता समावेशन पारगमन निधीकरण (Disability Inclusion Transition Funding) यह सुनिश्चित करता है कि पीएसडी (PSD) से विकलांगता समावेशन में विद्यार्थी के पारगमन में समर्थन देने के लिए स्कूलों को विद्यार्थी स्तर के निधीकरण के बराबर या इससे अधिक धनराशि प्राप्त हो।

अधिक जानकारी, तथा विकलांगता समावेशन पारगमन निधीकरण (Disability Inclusion Transition Funding) आपके बच्चे/आपकी बच्ची की परिस्थितियों के लिए कैसे लागू होता है, इसके बारे में जानने के लिए कृपया अपने स्कूल के प्रधानाध्यापक से संपर्क करें।

शिक्षकों और स्कूल के कर्मचारियों के लिए अधिक प्रशिक्षण और कोचिंग

विकलांगता समावेशन और भी अधिक शिक्षकों व समर्थन कर्मियों को विकलांगता, तथा इसके प्रति उत्तर कैसे दें, इस बारे में बेहतर समझ प्रदान करेगा। इसमें इनकी सुलभता शामिल हो सकती है:

- स्कूलों में अधिक पेशेवर, जो विकलांगता विशेषज्ञ हैं
- कोचिंग
- पेशेवर तरीके से सीखना
- प्रमाण-आधारित मार्गदर्शन और संसाधन
- छात्रवृत्तियाँ।

अधिक जानकारी

विकलांगता समावेशन के बारे में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.education.vic.gov.au/disabilityinclusion पर जाएँ।

यदि आप स्कूल में अपने बच्चे/अपनी बच्ची की आवश्यकताओं के बारे में बात करना चाहते/चाहती हैं, या यदि आपको अनुवाद या भाषांतरण में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया अपने स्कूल के प्रधानाध्यापक से संपर्क करें।